आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा–वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखा कर किया रवाना।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड की सभी परियोजनाओं की जांच के दिये निर्देश।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान का आज प्रदेश भर में होगा शुभारम्भ। वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे अभियान की शुरूआत। दो अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में चलेगा स्वच्छता अभियान।
- गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रदेश के बीस से अधिक जिले बाढ़ की चपेट में। राहत–बचाव कार्य जारी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वर्चुअल माध्यम से आगरा–वाराणसी वन्दे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आगरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर–छः पर समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और आगरा के सांसद व केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल मौजूद रहे। यह ट्रेन आगरा से शाम चार बजकर पन्द्रह मिनट पर चलकर रात ग्यारह बजकर पचपन मिनट पर वाराणसी के कैंट स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में आठ कोच होंगे। नियमित परिचालन के दौरान यह शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन से लोग कम समय में लम्बी दूरी तय कर सकेंगे। उधर, दिल्ली–वाराणसी के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के नये स्वरूप का भी कल प्रधानमंत्री ने वर्चुअल शुभारम्भ किया। इस ट्रेन में पहले 16 कोच थे, जिसे बढ़ाकर अब 20 कर दिया गया है। वाराणसी के कैंट स्टेशन में इस ट्रेन के शुभारम्भ मौके पर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर और रविन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे।

**********

दो दिवसीय दौरे पर कल वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में चल रहे विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की सर्किट हाउस में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने रामनगर में बलुआ घाट स्थित गुंबद गिरने और एक व्यक्ति की मौत हो जाने की घटना को गम्भीरता से लेते हुए कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड की प्रदेश में चल रहे सभी परियोजनाओं की जांच कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पर्यटन विभाग, ठेकेदार और सम्बन्धित नोडल अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई करने को कहा।

श्री योगी ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत शास्त्री घाट पर निर्मित सभी गुंबदों का पुनर्निमाण कराने तथा पूरे कार्यक्षेत्र की बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जेपी मेहता इण्टर कॉलेज में बाढ़ पीड़ितों के लिये बनाये गये राहत शिविर का निरीक्षण किया और सभी का कुशल क्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने रोप–वे परियोजना की समीक्षा करते हुए इसे जल्द पूरा कराने को निर्देशित किया, जिस पर जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बताया कि तीन स्टेशनों का निर्माण कार्य दिसम्बर तक पूरा हो जायेगा। बाकी बचे स्टेशन मार्च तक तैयार हो जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना तभी पूरी होगी, जब ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर होंगी। इसके लिये नगर निकायों, ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने पर कार्य किया जाय।

मुख्यमंत्री आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान और ओडीओपी तथा माटी कला के अन्तर्गत हस्तशिल्पियों को टूल किट प्रदान करेंगे। इस अवसर पर वह सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों को पचास हजार करोड़ रूपये का कर्ज भी वितरित करेंगे। यह कार्यक्रम लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा।

**********

कल लखनऊ विश्वविद्यालय के सड़सठवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने एक सौ अट्ठानबे मेधावी छात्र–छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने मेडल प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने नैक ग्रेडिंग में ए प्लस–प्लस प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

**********

गांधी जयंती के अवसर पर सफाई को लेकर पूरे प्रदेश में आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान का आज से शुभारम्भ होगा। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत करेंगे। वहीं गोरखपुर में प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह रामगढ़ ताल क्षेत्र स्थित नौकायन से अभियान का शुभारम्भ करेंगे। इस वर्ष अभियान का विषय– **स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता,** रखा गया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जायेगी। प्रदेश सरकार स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दो अक्टूबर को स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफाई मित्रों सहित अन्य लोगों को स्वच्छता ही सेवा अवार्ड से सम्मानित करेगी।

**********

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधारकार्ड को अपडेट करने की समय सीमा बढ़ा कर अब चौदह दिसम्बर तक कर दी है। इस दौरान बिना किसी शुल्क के आधार कार्ड में जरूरी बदलाव किये जा सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तिथि चौदह सितम्बर थी। निशुल्क सेवा माई आधार पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके साथ ही माई आधारऐप पर भी लॉगइन किया जा सकता है। ऑनलाइन माध्यम से केवल नाम, पता लिंग और जन्म तिथि में बदलाव की सुविधा मिलेगी।

**********

प्रदेश में आज हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा जयंती मनायी जा रही है। इस अवसर पर रेलवे सहित विभिन्न कार्यालयों, कल–कारखानों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनायें देते हुए शिल्पकारों और रचनाकारों को नमन करते हुए कहा कि वे अपनी लगन, प्रतिभा और परिश्रम से समाज में नव–निर्माण को आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के आर्थिक विकास में तकनीकी विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

**********

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के कुछ जिलों में अगले दो दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। उधर बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रदेश के करीब बाइस जिले बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। कुछ जगहों पर जनहानि हुयी है तो बड़ी मात्रा में फसलों को भी नुकसान हुआ है। सभी स्थानों पर राहत–बचाव कार्य जारी है। लखीमपुर खीरी, फर्रूखाबाद, गोंडा, जालौन, सीतापुर, बहराइच, बाराबंकी, रामपुर, बदायूं, वाराणसी, प्रयागराज, बलिया, बस्ती, आगरा, गौतमबुद्धनगर, बांदा, हमीरपुर, पीलीभीत, अयोध्या और देवरिया में बाढ़ का असर है। वाराणसी में गंगा का पानी चेतावनी बिन्दु को पार कर गया है। दशाश्वमेघ घाट की अंतिम सीढ़ी भी डूब गई हैं। यहां शवदाह और गंगा आरती गली और छतों पर हो रही है। अयोध्या में सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों से लोगों का पलायन शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिये नाव लगाई है। प्रयागराज में भी कई क्षेत्रों में नाव चल रही है।

कल नरौरा बैराज से गंगा में एक लाख 67 हजार 780 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिसके चलते बदायूं की गंगा नदी में और उफान आ गया, जिससे नदी उस पार बसे करीब आधा दर्जन गांव जलमग्न हो गये।

मिर्जापुर के चुनार कोतवाली क्षेत्र के बगही गाँव में गंगा के बाढ़ के पानी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई।

बाराबंकी में सरयू नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिससे बीस से अधिक गांव पानी से घिर गये हैं। बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण फर्रूखाबाद में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.....

***फर्रूखाबाद में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच चुका है फर्रुखाबाद पांचाल घाट गंगा का जलस्तर 137.10 मीटर पर पहुंचा जो कि खतरे के निशान से काफी ऊपर है ..गंगा नदी में नरौरा , बिजनौर और , हरिद्वार बांध से लाखों क्यूसेक पानी कई महीनो में छोड़ा जा चुका है जिसके चलते जनपद के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं जनपद की प्रमुख नदी गंगा के अलावा भी अन्य नदियां जैसे रामगंगा व काली नदी भी चेतावनी बिंदु के निशान के पास बह रही हैं। तेजी से बढ़ रहे पानी से कायमगंज व अमृतपुर तहसील बाल प्रभावित इलाकों के कई गांव के ग्रामीणों का आवागमन नाव के द्वारा हो रहा है इन इलाकों की कई सड़क जलमग्न हो चुकी है कई जगह पानी दो से तीन फीट बह रहा है जिला प्रशासन की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुसार अगले 48 घंटे में पानी बढ़ने की संभावना है प्रशासन द्वारा लगातार बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा किया जा रहा है लोगों को खाने की सामग्री मेडिकल किट आदि उपलब्ध कराई जा रही है गौरव यादव आकाशवाणी समाचार, फर्रूखाबाद।***

उधर, बस्ती और संतकबीरनगर जिले में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर चली गयी है, जिससे दर्जनों गांव बाढ़ के पानी से घिर गये हैं। चंदौली में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

**********